हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 5 मई 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री

4 जनशक्ति बनी जलशक्ति: जोड़ा तालाब छठ घाट में हुआ श्रमदान



## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री से मिले जिलाध्यक्ष तिवारी



**बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने सीएम हाउस में सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने कोरिया जिले के समग्र विकास के लिए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने मुख्यमंत्री के समक्ष जिले में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने, औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना, बैकुण्ठपुर शहर में सड़क चौड़ीकरण, स्टेडियम निर्माण, तथा हवाई पट्टी निर्माण जैसे विषयों पर सरकार से आवश्यक पहल का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने जिला अध्यक्ष की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि सरकार जिले के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और उपरोक्त प्रस्तावों पर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### तेज रफ्तार आर्टिगा ने ली जान

**बैकुण्ठपुर।** एमसीबी जिले के विगत दिनों सरभोका में हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए 45 वर्षीय संतोष पिता जगनू की इलाज के दौरान मौत हो गई। अब इस मामले में थाना पोड़ी में अज्ञात आर्टिगा चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक संतोष स्कूटी क्रमांक सीजी 16 सीजे 8194 से नागपुर से पोड़ी की ओर जा रहा था, इसी दौरान केबी नर्सिंग कॉलेज के सामने एक तेज रफ्तार आर्टिगा ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में संतोष गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल पोड़ी अस्पताल ले जाया गया। बाद में बेहतर इलाज के लिए डीकेएस सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल रायपुर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मर्ग क्रमांक 13/25 धारा 194 बीएनएसएस के तहत जांच शुरू की थी। पीएम रिपोर्ट, चश्मदीद गवाह और परिजनों के बयान के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि घटना चालक की तेज और लापरवाह ड्राइविंग के कारण हुई, इसके आधार पर अब आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के अंतर्गत एफआईआर बीते 1 मई को थाना पोड़ी में दर्ज की गई है। फिलहाल आरोपी चालक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस वाहन नंबर के आधार पर चालक व मालिक की तलाश कर रही है।

### नवीन कॉलेज में छात्र संघ की बैठक



**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में 29 अप्रैल को पूरा छात्र संघ के बैनर तले एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में महाविद्यालय से पूर्व में अध्ययन कर चुकी छात्राएं और वर्तमान में अध्ययनरत छात्राएं काफी संख्या में शामिल हुरइं। कार्यक्रम का उद्देश्य अनुभव साझा करना, कैरियर गाइडेंस प्रदान करना तथा महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण पर चर्चा करना रहा। प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के मार्गदर्शन में आयोजित इस बैठक में उन्होंने पूर्व छात्राओं से संवाद किया और उनके कार्यक्षेत्र एवं अनुभवों की जानकारी ली। डॉ. कच्छप ने छात्राओं को जीवन में निरंतर आगे बढ़ने और समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। बैठक को श्रीमती कनकलता पैकरा, डॉ. सुमित कुमार डे एवं वरूण कुमार कुशवाहा ने संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान ऋचा श्रीवास्तव, साधना सिंह, दुर्गा राजवाड़े, वर्षा सिंह, सुर्दशना, सुरूचि साहू, कविता राजवाड़े, आरती सहित कई पूर्व छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए और वर्तमान छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। पूर्व छात्राओं द्वारा नियमित रूप से उपस्थित 202 छात्राओं के लिए एक कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम का भी आयोजन किया गया। इसमें बैंकिंग, पीएससी, व्यापम सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित जानकारियां साझा की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में रितेश कुमार गुप्ता, डॉ. पवन कुमार उपाध्याय, डॉ. ज्ञानचंद्र पाल, बिक्की राम, सुमित मिश्रा, श्रीमती सविता पैकरा, मो. अमजद, विनय कुमार गुप्ता, विजय कुमार, कुलदीप सिंह, अनिल देव, कुमारी नासमा बेगम, कुमारी गंगीता पैकरा, विपिन सिंह, श्रीमती प्रतिभा उपाध्याय, तेजीलाल कुजूर, भागवत प्रसाद साहू, सत्येन्द्र पैकरा, बिनयामिन लकड़ा, श्रीमती अनिता सहित महाविद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

### साप्ताहिक बाजार के दिन बिगड़ जाती है स्थिति

# बैकुंठपुर-चिरमिरी मार्ग पर जाम से राहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर की यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने की दिशा में पुलिस ने प्रभावी कदम उठाते हुए शहर क्षेत्र में सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया है, इस दौरान बडे वाहनों में सिर्फ यात्री बसें ही शहर क्षेत्र में प्रवेश करती है।

पुलिस की इस निर्णय के बाद शहर क्षेत्र में पूर्व की जैसी जाम की स्थिति चौक-चौराहों व अन्य जगहों पर नहीं लगती है। पहले चिरमिरी चौक पर बडे वाहनों के दिन में आवाजाही के कारण कई बार जाम की स्थिति बनती रहती थी, लेकिन अब काफी हद तक जाम से राहत मिल गई है, वहीं नगर पालिका कार्यालय के पास मुख्य मार्ग पर संचालित होने वाली अस्थाई दुकानों को हटाए जाने के बाद उस स्थल पर भी अब जाम की स्थिति से निजात मिल गई है, लेकिन इस दौरान कई जगहों पर यात्री वाहनों के द्वारा जहां मर्जी वहां गाड़ी रोककर सवारी उतारने-चढ़ाने का कार्य किया जाता है, इससे भी यातायात प्रभावित होता है। इस दिशा में भी ध्यान दिया जाना चाहिए।



डबरीपारा के समीप जाम चिरमिरी मार्ग।

**महलपारा मार्ग पर जाम की स्थिति:** शहर के चिरमिरी चौक से महलपारा की ओर की सड़क में अक्सर जगह-जगह जाम की स्थिति निर्मित होती है। वर्तमान में शहर की यही मार्ग है,जहां शाम ढलने के बाद जाम की स्थिति कई जगहों पर बनती है, इसका कारण यह है कि कई लोगों के द्वारा सड़क किनारे खरीदी करने दुकान जाते हैं तो सड़क किनारे ही अपनी चार पहिया वाहनों को पार्क कर देते हैं, इससे सड़क पर जाम की स्थिति प्रतिदिन शाम-ढलने के बाद बनती रहती है। इस दिशा में यातयात पुलिस को इस मार्ग में चिरमिरी चौक से कुछ दूरी तक विशेष रूप से यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए ध्यान देने की जरूरत है।

#### बाजार दिवस को स्थिति और खराब

शहर के चिरमिरी चौक से महलपारा मार्ग पर कुछ दूरी तक गुरूवार एवं रविवार साप्ताहिक बाजार दिवस को दिन में दोपहर से लेकर शाम ढलने के बाद तक जाम की स्थिति कई बार बनती रहती है। बाजार दिवस के दिन चिरमिरी चौक से भवानी तिगड्डा के आगे तक दिन दोपहर के साथ शाम ढलने के बाद तक कई बार इस मार्ग पर जाम की स्थिति बनती रहती है। कारण वहीं है कि कई लोग अपनी चार पहिया वाहन सड़क किनारे खड़ी कर देते हैं, इससे यात्री बसों के आवागमन के दौरान जगह-जगह जाम लग जाता है, इससे इस मार्ग पर लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

#### मनमर्जी पार्किंग पर हो कार्रवाई

शहर के चिरमिरी चौक से आगे कुछ दूरी तक मार्ग पर मनमर्जी सड़क किनारे वाहनों के पार्किंग पर प्रतिबंध लगाए जाने की जरूरत है,यदि कोई वाहन मालिक सड़क किनारे अपने वाहन पार्क करता है तो इस पर लगातार कार्रवाई शुरू हो तो महलपारा मार्ग पर अक्सर जाम लगने की समस्या दूर हो जाएगी। इस दिशा में यातायात पुलिस को सजग होकर कार्रवाई करने की जरूरत है।

## दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ बारिश, गिरे ओले

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनहत

मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामों में बीते 4-5 दिनों से दोपहर बाद मौसम का अचानक करवट बदलना आम हो गया है। 4 मई को सुबह से जहां उमस भरी गर्मी बनी रही, वहीं दोपहर करीब 2 बजे के बाद मौसम अचानक बदला और तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई। थोड़ी देर बाद हल्की ओलावृष्टि ने भी दस्तक दी, जिससे क्षेत्र का पूरा मौसम भीग उठा।

■ मांगलिक कार्यों पर मौसम का साया

बारिश और ओलावृष्टि से जहां एक ओर गर्मी से राहत मिली, वहीं दूसरी ओर लगातार दोपहर बाद मौसम के बदलते मिजाज से आमजन परेशान हो रहे हैं। विशेषकर उन परिवारों की चिंता बढ़ गई है जिनके यहां इन दिनों मांगलिक कार्य जैसे शादी-विवाह आदि आयोजित हो रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के कारण पंडाल, सजावट और भोजन आदि की व्यवस्था प्रभावित हो रही है, जिससे संबंधित परिवारों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि गर्मी के सीजन में विवाह कार्यक्रमों की अधिकता रहती है, ऐसे में हर रोज दोपहर बाद मौसम का बिगड़ना चिंता का विषय बन गया है। वहीं, कृषि से जुड़े कुछ लोगों ने भी ओलावृष्टि को लेकर फसल प्रभावित होने की आशंका जताई है।



बारिश के साथ गिरे ओले।

# छठ घाट जाने वाले रास्ते पर हादसा

### पुलिया की मरम्मत की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

रविवार को छठ घाट की ओर जा रहे रास्ते पर स्थित पुलिया पर एक दर्दनाक हादसा हो गया। नगर पालिका का एक ट्रैक्टर पानी का टैंकर लेकर घाट की ओर जा रहा था, तभी वह अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे जा गिरा। हादसे में ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल चालक को तत्काल क्षेत्रीय चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर तेज गति में था और पुलिया की स्थिति भी जर्जर बताई जा रही है। हालांकि हादसे के वास्तविक कारण की पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से पुलिया की तत्काल मरम्मत कराए जाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यह रास्ता छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत उपयोगी है, ऐसे में उसकी मरम्मत व सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में इससे भी गंभीर हादसे हो सकते हैं।

■ ट्रैक्टर पुलिया से गिरा, चालक घायल



### डौरा में आयोजित शिविर स्थगित

**बलरामपुर।** सुशासन तिहार के माध्यम से जनसामान्य और ग्रामीण जनों से सीधे संपर्क कर उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के साथ ही शासकीय कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तीसरे चरण में समाधान शिविर 5 मई से लेकर 31 मई तक आयोजित किया जा रहा है। समाधान शिविर हेतु स्थल एवं तिथि निर्धारित कर शिविर के सफल संचालन के लिए प्रभारी अधिकारी भी नियुक्त किया गया है। विकास खण्ड बलरामपुर के अंतर्गत तहसील डौरा-कोचली के हाई स्कूल खेल मैदान डौरा में 5 मई को शिविर आयोजित किया गया था। अपरिहार्य कारणों से उक्त शिविर को स्थगित किया गया है। शिविर के लिए आगामी तिथि की सूचना पृथक से जारी की जाएगी। शेष शिविर की स्थल एवं तिथि यथावत रहेगी।

### ग्राहकों को मिल रहा गुड़ के साथ पेयजल...



**बैकुंठपुर।** मुख्यमार्ग तलवापारा स्थित चौदहा फ्यूल सेंटर में संचालक की पहल से अपने ग्राहकों के लिए गुड़ व मटके की ठण्डा पानी की व्यवस्था की गई है ताकि ग्राहक पेट्रोल भरवाने के साथ अपनी प्यास भी बुझा सके। ऐसा कम ही सुविधा पेट्रोल पंप में देखने को मिलती है।

## एकतानगर कॉलोनी में बंद मकान में चोरी

**बैकुण्ठपुर।** एमसीबी जिले के खोंगापानी एकता नगर कॉलोनी स्थित एक मकान में अज्ञात चोरों ने बंद घर को निशाना बनाते हुए जेवर और कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की यह वारदात उस वक्त सामने आई जब पड़ोसी ने मकान का ताला टूटा देखकर मकान मालिक को सूचना दी। चोरी गए सामान की कीमत लगभग 60,000 रूपए आंकी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एकतानगर कॉलोनी निवासी कुमारी खुशबू भारती अपने माता-पिता सहित जबलपुर गई हुई थीं। जाने से पहले उन्होंने अपने घर में ताला लगाकर आस-पड़ोस के लोगों को देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी थी। 1 मई की सुबह करीब 11 बजे पड़ोस में रहने वाली मीना देवी ने उन्हें फोन कर बताया कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है और घर में चोरी हो गई है। सूचना मिलते ही खुशबू भारती ने अपने माता-पिता को भी इस बारे में अवगत कराया और 2 मई को खोंगापानी पहुंचीं। घर पहुंचकर देखा गया कि बेडरूम की अलमारी का ताला टूटा हुआ था और सारा सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर अलमारी से एक जोड़ी चांदी का पायजब, एक सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पायल, बिछिया, तीन सोने की नाक की फूल्ली और एक गोल्डन रंग की एचएमटी कलाई घड़ी गायब मिली। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 60,000 रूपए बताई गई है। चोरी की वारदात 30 अप्रैल से 1 मई के बीच की रात को अंजाम दी गई। पीड़िता ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजन के लौटने के बाद अन्य चोरी गए सामान की सूची और नुकसान का मूल्यांकन किया जाएगा।

■ जेवर समेत 60 हजार का सामान पार

### कीटनाशक पीने वाले ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** परिवार के साथ ससुराल में रह रहे ग्रामीण ने अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। परिजन ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। भिट्ठीकला निवासी दिल भरोष आ. रतन धोबी (37 वर्ष) पिछले 4-5 साल से जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नेवाड़डांड़ अपने ससुराल में रह रहा था। दिल भरोष चार पांच दिन से ज्यादा शराब पीने लगा था। गत दिन शराब के नशे में धुत्त होकर कीटनाशक को ग्लास में डालकर पीने गया। इधर कीटनाशक को पीते देख उसकी साली ने घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## 250 हेलमेट का निःशुल्क वितरण

**बैकुंठपुर।** गंभीर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात सुरक्षा को लेकर कोरिया पुलिस द्वारा पटना थाना परिसर में एक बृहद स्तर का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आम नागरिकों को निःशुल्क 250 हेलमेट वितरित किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे (भा.पु.से.) ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में अधिकांश मौतें हेलमेट नहीं पहनने के कारण होती हैं। हेलमेट जीवन रक्षक है और इसकी अनिवार्यता को समझना सभी वाहन चालकों के लिए जरूरी है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल ने नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं हेलमेट पहनें और अपने परिवार व परिचितों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक श्री श्याम मधुकर, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, उपाध्यक्ष सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में हेलमेट धारकों द्वारा एक जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसने सड़क सुरक्षा का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में थाना प्रभारी पटना विनोद पासवान सहित उप निरीक्षक अब्दुल मुनाफ, उनि निलमणी कुजूर, सउनि शैलेन्द्र त्रिपाठी, सउनि पोलीकार्प टोप्पो, प्रधान आरक्षक बृजेश सिंह, अमर लाल टोप्पो, अमित त्रिपाठी, आरक्षक रामायण सिंह, संदीप कुमार साय, ओमप्रकाश सिंह, अमल कुजूर, सुरेश एक्का, प्रदीप साहू तथा यातायात से सउनि धनंजय सिंह, आरक्षक राकेश मिश्रा, एन.सी.ओ. महेश मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



### नेशनल लोक अदालत को लेकर तैयारी बैठक

**अम्बिकापुर।** नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण केएल चरयाणी द्वारा न्यायाधीशगण के साथ बैठक ली गई। बैठक में न्यायाधीश श्री चरयाणी ने कहा कि लोक अदालत केवल न्याय का माध्यम ही नहीं, बल्कि आपसी संबंधों को मधुर बनाने में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लोक अदालत के माध्यम से विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान संभव है, जिससे समाज में आपसी समझ और शांति को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने अधिक से अधिक प्रकरणों के आपसी राजीनामा के माध्यम से निराकरण हेतु 30 मई को पी-सिटिंग आयोजित करने के निर्देश दिए। इसके लिए संबंधित पक्षों से पूर्व चर्चा कर प्रकरणों को लोक अदालत के लिए उपयुक्त बनाने का आह्वान किया गया।

### सुशासन तिहार के तीसरे चरण की शुरूआत आज से

# कोरिया में 82 प्रतिशत आवेदन निराकृत, 17 जगहों पर लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविरों को जनता का जबरदस्त समर्थन मिला है। अब तक कुल 63,543 आवेदनों में से 51,494 का निराकरण किया जा चुका है।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी एवं अपर कलेक्टर अरुण मरकाम भी मौजूद रहे। कलेक्टर ने बताया कि 8 से 11 अप्रैल के बीच आयोजित समाधान शिविरों एवं अन्य माध्यमों से कुल 62,457 मांग संबंधित आवेदन मिले थे, जिनमें से 50,845 का समाधान कर दिया गया है। वहीं शिकायत संबंधी 1,086 आवेदनों में से 649 का निराकरण किया गया। उन्होंने कहा कि समाधान ऑन व्हील्स, सुशासन संगवारी, हेल्पलाइन और सुशासन गीत जैसी नवाचार पहल से प्रशासन ने दूरस्थ अंचलों तक पहुंच बनाई है। अस्पतालों में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से भी आवेदन लिए गए हैं। कलेक्टर ने बताया कि सुशासन तिहार के तीसरे चरण की शुरूआत 5 मई से हो रही है, जो 31 मई तक चलेगा। इस दौरान जिलेभर में 17 समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक शिविर स्थल पर नोडल व सहायक अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग, पेयजल व गर्मी से राहत की सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी। सबसे अधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, पीएचई, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, नगरीय प्रशासन, खाद्य, कृषि और पशुपालन विभागों से संबंधित हैं। इनमें प्रधानमंत्री आवास, सीमांकन, हैंडपंप, महतारी वंदन योजना, जाति/निवास/आय प्रमाण पत्र, बिजली कनेक्शन, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि और बकरी पालन प्रमुख विषय रहे।




प्रेसवार्ता को संबोधित करते कलेक्टर चंदन त्रिपाठी।

#### यहां आयोजित होंगी शिविर

नगर पंचायत: पटना (8 मई), शिवपुर चरचा (15 मई), बैकुण्ठपुर (22 मई), बैकुण्ठपुर जनपद पंचायत: बंजारीडांड (5 मई), तोलगा (7 मई), पोड़ी (9 मई), छिंदिया (14 मई), टेंगनी (16 मई), फूलपुर (19 मई), मनसुख (21 मई), मोदीपारा (26 मई), बुढ़ार (28 मई), जमगहना (31 मई), सोनहत जनपद पंचायत: कटगोड़ी (10 मई), अकलासरई (17 मई), रामगढ़ (23 मई), सलगंवा (30 मई) को शिविर आयोजित होगी।




संविधान बचाऔ रैली में शामिल कांग्रेसी।

## गूंजा संविधान बचाओ का स्वर

**पटना।** जिले के नगर पंचायत पटना में शनिवार को संविधान बचाओ रैली का भव्य आयोजन हुआ, जो अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के 40 दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा है।

इस जिला स्तरीय रैली का मुख्य उद्देश्य देशवासियों को संविधान की महत्ता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सजग करना रहा। रैली की शुरूआत नगर पंचायत कार्यालय से हुई, जो उत्साह और जनसमर्थन के साथ मस्जिद चौक तक पहुंची। समापन स्थल पर आयोजित आमसभा में कांग्रेस पदाधिकारियों ने संविधान की रक्षा, सामाजिक न्याय और नागरिक अधिकारों को लेकर जोरदार वक्तव्य दिए। कांग्रेस नेताओं ने कहा संविधान बचाओ अभियान न केवल संविधान के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास है, बल्कि तानाशाही प्रवृत्तियों के खिलाफ जनता की आवाज भी है। कांग्रेस पार्टी हमेशा वंचितों, गरीबों और हाशिए पर खड़े वर्गों के अधिकारों की लड़ाई में सबसे आगे रही है और आगे भी रहेगी। इस अवसर पर प्रमुख रुप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष नजीर अजहर, प्रदेश सचिव योगेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

4-MAY- Jash-KORIYA-Bhoomi pg-2_Layout 1 5/4/2025 7:56 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### सोनार समाज मवेशियों को देगा गुड़ और पानी

**राजपुर।** भीषण गर्मी में बेजुबान जानवरों के लिए सोनार समाज की ओर से एक नई पहल की गई है। सोनार समाज द्वारा मवेशियों को गुड़ और पानी दिया जाएगा। समाज के लोगों द्वारा आवारा मवेशियों के साथ ही लगूं द्वारा घरों में पाले गए मवेशियों को घर घर जाकर गुड़ पानी दिया जाएगा। शनिवार को इस अभियान की शुरुआत समाज के अध्यक्ष नरेश सोनी और विकासखंड अध्यक्ष सुरेश सोनी द्वारा की गई। अब समाज के लोगों द्वारा प्रतिदिन घर घर जाकर मवेशियों और पालतू जानवरों को गुड़ और पानी दिया जाएगा। समाज द्वारा जानवरों के प्रति सेवा भाव और भीषण गर्मी में के दौरान बेजुबान जानवरों को राहत देने के लिए इसकी शुरुआत की है। मई महीने के शुरुआती समय में इस नई योजना की शुरुआत की गई है क्योंकि इस समय भीषण गर्मी पड़ती है और जानवर लगातार बाहर ही रहते हैं। जिला अध्यक्ष नरेश सोनी ने कहा कि राजपुर में समाज के लोग लगातार अलग-अलग कार्यक्रम में सहभागिता दिखाते हैं और यह जिले की पहचान भी है इसलिए यहां से इसने योजना की शुरुआत की गई है जिसमें लोगों का प्रेम जानवरों के प्रति बढ़ सके। ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सोनी ने कहा कि आजकल लोग जानवरों को घर में बांधते नहीं है और उन्हें बाहरी छोड़ देते हैं ऐसे में जानवर इधर-उधर भटकते रहते हैं भीषण गर्मी में उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है तो समाज ने एक शुरुआत की है ताकि उन्हें कम से कम गुड़ और पानी मिल सके। इस दौरान संतोष सोनी, संजय सोनी,अरुण सोनी, बबलू सोनी, एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### श्रेष्ठ विचार और अच्छी इच्छा शक्ति के लिए योग जरूरी



**अम्बिकापुर।** इच्छा शक्ति के लिए विचार का होना जरूरी है और विचार योग से सम्भव है। उक्त बातें श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित योग की सम्पर्क कक्षा के समापन अवसर प्राचार्य डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने कही। उन्होंने कहा कि शरीर के लिए दवा आखिरी विकल्प है। हमें स्वस्थ रहना है तो योग करना ही होगा। अपनी दिनचर्या को प्रकृति के अनुसार ढालना होगा और निद्रा, आहार, व्यायाम को संयमित रखना होगा। योग प्रशिक्षक श्वेता कुर्रे ने योग की अवधारणा और उससे मिलने वाले लाभ से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग, व्यायाम और आसन करने ही होंगे। इससे शरीर की मांसपेशियों के साथ पूरे संरचना को गति मिलती है। उन्होंने 10 दिनों से संचालित योग कक्षा की गतिविधियों से अवगत कराया। डॉ. अजय कुमार तिवारी ने योग में शामिल विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस दौरान सभी विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार, हलासन, वज्रासन, मयुरासन, चक्रासन आदि का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र जांगड़े और विजय गजोरिया ने किया।

### कक्षा 9वीं व 11वीं का घोषित किया गया वार्षिक परीक्षा परिणाम

**मानीचौक।** क्षेत्र के हायर सेकेंडरी स्कूल केतका के कक्षा नवमी व ग्यारहवीं के स्कूली बच्चों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस दौरान एसएमडीसी के सदस्यों ने परीक्षा परिणाम का रिजल्ट वितरण किया। साथ ही बोर्ड परीक्षा में कड़ी मेहनत कर परीक्षा को उत्तीण करने की बात कही। एसएमडीसी व उपसरपंच बाबूलाल सिंह ने उपस्थित बच्चों को शिक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2 महीना की गर्मी की छुट्टी में अगर बच्चे चाहे तो बुक की एक तिहाई पढ़ाई अवश्य कर सकते हैं और पढ़ा हुआ पाठ को शिक्षकों द्वारा पढ़ाया जाने पर काफी आसानी से समझ आ जाता है इसलिए बोर्ड परीक्षा की तैयारी में अभी से जुड़ जाए। इस दौरान स्कूल प्राचार्य जेआर शांडिल्य सहित सभी शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो मवेशियों की मौत



**अम्बिकापुर।** तेज गरज चमक के साथ हुई बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से दो मवेशियों की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत जुडवानी निवासी कामेश्वर आ लोहरू व गांव के ही समुद आ शिवराम के मवेशी चुकनडांड पारा में चारा खा रहे थे। इसी दौरान दोपहर को अचानक तेज गरज चमक के साथ बारिश होने पर दोनों मवेशी पेड़ के नीचे खड़े थे। तभी आकाशीय बिजली गिरने से दोनों मवेशी चपेट में आ गए जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों किसानों ने प्रशासन से क्षतिपूर्ति की मांग की है।

## उड़ती धूल एवं बिखरी गिट्टी ने बढ़ाई राहगीरों की परेशानी

# भैयाथान- पटना स्टेट हाईवे की आधी अधूरी सड़क बनी लोगों के लिए आफत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

भैयाथान-पटना स्टेट हाईवे की जर्जर सड़क अब क्षेत्र के लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। हैरानी की बात तो यह है कि एक माह पूर्व सड़क डामरीकरण के लिए गिट्टी, राखड़, रेत और सीमेंट का मिश्रण से डब्ल्यू एमएम डाला गया लेकिन डामरीकरण का काम आधा अधूरा ही छोड़ दिया गया। आलम यह है मार्ग से भारी वाहनों के आवागमन करने से सड़क की हालत और भी दयनीय हो गई है। ऐसे में लोग धूल के गुब्बार के बीच आवागमन करने को मजबूर है।

**खास बात**

- एक माह बाद भी सड़क की नहीं हो सकी मरम्मत पूरी

भैयाथान पटना स्टेट हाईवे क्रमांक 12 जो भैयाथान को पटना से जोड़ता है। जर्जर सड़क की मरम्मत नहीं होने से अब क्षेत्र के लोगों के लिए मार्ग मुसीबत बन गई है। एक माह पूर्व सड़क के गड्ढों को भरने का कार्य शुरू किया गया था। सड़क मरम्मत का कार्य शुरू होने से क्षेत्र के लोगों आवागमन के लिए एक बेहतर सुविधा उपलब्ध हो जाने की आस जगी थी लेकिन लोगों की आस उस समय निराशा में बदल गई जब सड़क के डामरीकरण के लिए गिट्टी, राखड़, रेत और सीमेंट का मिश्रण डब्ल्यू एमएम डालकर डामरीकरण का काम अधूरा छोड़ दिया गया। सड़क की मरम्मत कार्य अधूरा होने से अब सड़क पर डाले गिट्टी राखड़ रेत व सीमेंट का मिश्रण भारी वाहनों के आवागमन करने से और भी जर्जर हो गई। ऐसे में मार्ग से भारी वाहन गुजरने तथा धूल के गुब्बार उड़ने से बाइक, स्कूटी सहित पैदल चलने वाले लोगों का कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि इस भीषण गर्मी के कारण छोटे-बड़े वाहनों के गुजरने से धूल के गुब्बार उड़ने लगते है जिससे बीमारी का खतरा तो बढ़ गया है वहीं हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ग्रामीणों ने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से जल्द से जल्द डामरीकरण कार्य पूर्ण कराने की मांग की है ताकि उड़ती धूल से निजात मिल सके।



जर्जर सड़क से उड़ते धूल।

**जल्द शुरू होगा डामरीकरण**

लोगों की समस्या को गंभीरता से लिया गया है। ठेकेदार को निर्देशित कर दिया गया है। एक से दो दिन में डामरीकरण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

- प्रकाश सिन्हा
एसडीओ लोक निर्माण विभाग

**हो सकती है बड़ी दुर्घटना**

सड़क की हालत काफी दयनीय हो गई है। अब सड़क पर बिखरी गिट्टी बड़े वाहनों के चलने से दाएं-बाएं उड़ रही है,जिससे कई लोग घायल हो चुके है। इसके अलावा मार्ग से गुजर रहे दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने की घटनाएं बढ़ गई हैं। दिन के समय तो राहगीर संभल कर चलते है लेकिन रात के समय अंधेरा होने के कारण मार्ग और भी खतरनाक हो जाती है। ऐसे में समय रहते डामरीकरण का कार्य पूर्ण नहीं किया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

**क्षेत्र के लोग है परेशान**

करौंदामुड़ा निवासी जगपति ने बताया कि अधूरे कार्य से उनके घर तक धूल फैल जाती है। सड़क पर चलना खतरे से खाली नहीं है। खासकर रात के समय सड़क से गुजरने वाले राहगीरों के लिए खतरनाक होता है। बड़सरा चौक के दुकानदार अश्वनी जायसवाल का कहना है कि धूल के कारण दुकान का सामान खराब हो रहा है और ग्राहक भी परेशान हो रहे हैं। वहीं उड़ती धूल से राहगीरों, दुकानदारों और आसपास के ग्रामीणों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। स्थानीय महिला प्रभा ने बताया कि लोगों ने खुद मिलकर सड़क पर पानी डालते है लेकिन उसका असर कुछ ही देर तक ही रहा।



## बलरामपुर में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ जिला प्रशासन की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले में जिला प्रशासन ने शनिवार को अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। राजस्व व और वन विभाग की संयुक्त टीम ने जेसीबी के मदद से 32 घरों को जमीदोज किया गया है। इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हडकंप मच गया है। बता दें कि कलेक्टर राजेंद्र कटारा के निर्देश पर शनिवार को एसडीएम-आनंद राम नेताम के नेतृत्व में राजस्व, वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड केमांक 3 खुठनपारा जिला ग्रंथालय के पीछे वन विभाग की शासकीय भूमि व तहसील डौरा-कोचली के ग्राम कोचली लाल माटी में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हते गया। नगरपालिका परिषद् बलरामपुर वार्ड क्रमांक 3 में लगभग 1.5 एकड़ शासकीय भूमि पर लोगों द्वारा घर बनाकर अतिक्रमण किया गया था। प्रशासन द्वारा उन्हें उक्त जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु नोटिस भी जारी किया गया था। परंतु अभी तक अतिक्रमण नहीं हटाने पर बलरामपुर एसडीएम आनंद राम नेताम के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस विभाग के द्वारा जमीन पर बनाए गए 22 घरों को तोड़ कर अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इसी प्रकार खुठनपारा जिला ग्रंथालय के पीछे भी वन विभाग की शासकीय जमीन को लोगों द्वारा अतिक्रमण किया गया था। जिसे बलरामपुर वन परिक्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में 10 मकानों को तोड़ कर अतिक्रमण मुक्त कराया गया। तहसील डौरा-कोचली में भी एसडीएम बलरामपुर श्री नेताम के मार्गदर्शन एवं तहसीलदार रॉकी एक्का के नेतृत्व राजस्व एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम के द्वारा ग्राम कोचली (लालमाटी) में स्थित शासकीय भूमि तथा ग्राम डूमरखोला में भी शासकीय भूमि कुल 5 व्यक्तियों 0.06 हेक्टेयर द्वारा अतिक्रमण किया गया था, जिसे अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

- जमीदोज किए गए 33 मकान, शासकीय जमीन पर किया गया था कब्जा

## मंत्री लक्ष्मी ने बांटा परिजन का दर्द

**अम्बिकापुर।** रामानुजनगर थाना क्षेत्र में एक मासूम बच्ची की गई हत्या ने पूरे जिले को गहरे शोक और आक्रोश में डुबो दिया है। इस दिल दहला देने वाली घटना के बाद हर ओर इंसाफ की मांग उठ रही है। शुक्रवार को प्रदेश की कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े पीड़ित परिवार से मिलने गांव पहुंचीं। उन्होंने अपनी संवेदनाओं के साथ उनका दुख बांटा।

- कहा जल्द होंगे आरोपी कानून की गिरफ्त में

परिजन से मुलाकात के दौरान मंत्री राजवाड़े की आंखें भी भर आईं। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि यह सिर्फ आपकी नहीं, पूरे समाज की पीड़ा है। एक माँ के तौर पर मैं इस दर्द को महसूस कर सकती हूं। सरकार इस मुश्किल घड़ी में हर कदम पर आपके साथ खड़ी है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने मौके पर ही राज्य के गृहमंत्री विजय शर्मा से फोन पर चर्चा की और सूरजपुर पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसे आरोपियों के लिए समाज में कोई जगह नहीं है। कानून अपना काम करेगा और मासूम को जरूर न्याय मिलेगा। मंत्री राजवाड़े ने भरोसा दिलाया कि सरकार न सिर्फ परिवार को हरसंभव सहायता देगी, बल्कि बच्चियों की सुरक्षा के लिए और कड़े कदम भी उठाएगी। उनके साथ प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी सहित अन्य मौजूद रहे।



## सीएचसी के सामने अतिक्रमण कर एनएच तक बना दी अस्थाई दुकानें

*मरीजों, परिजन व अस्पताल स्टाफ के आवागमन के लिए बनी मुसीबत*

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए स्थापित बिश्रामपुर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अब अराजकता और अतिक्रमण की गिरफ्त में पड़ता दिख रहा है। अस्पताल के मुख्य द्वार के समीप लगातार हो रहे अवैध अतिक्रमण से आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

- बीएमओ ने तहसीलदार व थाना प्रभारी को पत्र लिखकर की कार्रवाई करने की मांग की

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए सीएचसी के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित भगत ने पिलखा नायब तहसीलदार एवं थाना प्रभारी बिश्रामपुर को औपचारिक ज्ञापन देते हुए त्वरित और कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। बीएमओ द्वारा गत दिनों जारी पत्र में उल्लेख किया है कि स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य प्रवेश मार्ग के समीप एनएच 43 किनारे कुछ लोगों द्वारा लगातार अस्थायी दुकानें शुरू की जा रही हैं।बीएमओ क्रे अनुसार यदि समय रहते बढ़ते अतिक्रमण को नहीं रोका गया तो यह किसी भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकता है। आसपास क्रे लोगों का कहना है कि अस्पताल के बाहर की दुकानें अब एनएच सड़क तक आ चुकी हैं। अवैध अतिक्रमण की वजह से यहां खरीददारों के पहुंचने से अक्सर जाम की भी संभावना बनी रही है, अस्पताल जैसी संवेदनशील जगह पर अतिक्रमण अब समस्या बनती जा रही है। पत्र में बीएमओ ने उल्लेख किया है कि प्रशासन इस पर शीघ्र कार्रवाई करे ताकि अस्पताल में आने वाले मरीजों, डॉक्टरों, कर्मचारियों और आम नागरिकों को सुविधा मिल सके और उन्हें अराजकता से मुक्ति दिलाई जा सके। गौरतलब है कि बिश्रामपुर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अपने आप में क्षेत्र का एक प्रमुख स्वास्थ्य सेवा केंद्र है लेकिन जिस तरह से उसके सामने अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है वह न केवल आपात सेवाओं में दिक्कत खड़ी कर सकता है, बल्कि आमजन की जान को भी जोखिम में डाल रहा है।



अतिक्रमण कर लगाई गई दुकानें।

## श्रमिक दिवस पर स्वच्छता दीदी श्रमिकों का किया गया सम्मान

**प्रतापपुर।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष मानती योगेंद्र सिंह व नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजीत शरण सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल की उपस्थिति में निकाय क्षेत्र के स्वच्छता दीदी व श्रमिकों का सम्मान किया गया। साथ ही स्वच्छता कमांडो सफाई कर्मचारी वाहन चालक फिल्टर प्लांट के कर्मचारियों सहित पानी टंकी में कार्य करने वाले कर्मियों का साल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने कहा कि आज का दिन मजदूर व श्रमिक वर्ग के राष्ट्र निर्माण में उनका मूल्य योगदान को स्मरण करने का दिन है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य मजदूरों का उपलब्धियां का सम्मान और उनकी योगदानों को याद करना है। यह दिन मजदूरों को संगठित कर उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए भी है। इस दौरान नगर पंचायत सीएमओ यूसीफ्रिया एक्का, पार्षद नीलम धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सीता पैकरा, नवीन नाविक, सौरभ मानिकपुरी, लालमन सहित भारी संख्या में नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।



## गांव जाकर भाजपा और एनडीए की डबल इंजन की सरकार के समर्थन में फैलाएं जागरूकता : सुशील

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

औरंगाबाद के पूर्व सांसद और भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और देशभर से कार्यकर्ता विभिन्न राज्यों के चुनावों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं।

- औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने बिहार चुनाव को लेकर किया आह्वान

देशभर में बिहार मूल के लगभग 2 करोड़ से अधिक लोग निवास करते हैं, जिनसे आग्रह किया जा रहा है कि वे अपने गांव जाकर भाजपा और एनडीए की डबल इंजन सरकार के समर्थन में जन जागरूकता फैलाएं। श्री सिंह शनिवार को सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया मौजूद थे। पूर्व सांसद श्री सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लगभग 7 से 8 जिलों में बसे बिहारी भाई-बहनों से भी वे इसी उद्देश्य से मिलने आए हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर अंबिकापुर से रामानुजगंज जाने वाली सड़क के मरम्मत और बिहार की राजधानी से जोड़ने वाले एक्सप्रेस वे पर भी चर्चा की, जिस पर मुख्यमंत्री ने गंभीरता से विचार करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। प्रेस वार्ता से पूर्व बिहारी मूल के नागरिकों के साथ बैठक में सुशील कुमार सिंह का पुष्पहारों से स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि हम सभी के लिए गर्व का विषय है कि बिहार जैसे महत्वपूर्ण राज्य के वरिष्ठ नेता आज हमारे बीच उपस्थित हैं।

बिहार चुनाव को लेकर हमारा मनोबल और प्रतिबद्धता और अधिक मजबूत हुई है तथा इस बैठक में पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि बिहार के सपने तभी साकार होंगे जब वहां डबल इंजन की सरकार बनेगी और उन्हें पूरा विश्वास है कि देश के विभिन्न हिस्सों से बिहार मूल के लोग इसमें अहम भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर निगम सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, जिला संवाद प्रमुख संतोष दास, पार्षद मनीष सिंह, कार्यक्रम संयोजक अभिषेक सिंहदेव, उपेन्द्र सिंह, मितेंद्र कुमार सिंह, मधु चौधरी, विकास पांडेय, आलोक दुबे, अंकित जायसवाल, रूपेश दुबे, मनोज कंसारी, रमेश जायसवाल, दीपक सिंह तोमर, मयंक जायसवाल, मनोज सोनी, अवधेश सोनकर, निरंजन राय, दीपक यादव, रविकांत उरांव, श्वेता गुप्ता, किरण सिंह, शुभ्रा सोनी, प्रियंका गुप्ता, राहुल जायसवाल, नीलम रजवाड़े, प्रिया सिंह, इंदु गुप्ता, प्रियंका चौबे, सीमा कश्यप, पंकज गुप्ता, अनुराग शुक्ला, निशांत सिंह, सूरज, अंशुमान गर्ग, संदीप सोनी, आनंद सिंह, कृष्णा सहित अन्य कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक।



## डीएवी स्कूल में तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

डीएवी संस्थान छत्तीसगढ़ जोन के क्षेत्रीय अधिकारी एवं प्रशिक्षण समन्वयक प्रशांत कुमार के दिशा-निर्देशन एवं सूरजपुर क्लस्टर प्रभारी एचके पाठक प्राचार्य डीएवी बिश्रामपुर के मार्गदर्शन में सूरजपुर क्लस्टर एवं जोन बी क्लस्टर का संयुक्त रूप से 1 मई से 3 मई तक डीएवी स्कूल में प्रथम चरण के तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यशाला में हिंदी, गणित, विज्ञान, विषयों एवं नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के लिए ईईडीपी कार्यशाला में विविध डीएवी स्कूलों क्रमशः बिश्रामपुर, भटगांव, चिरमिरी, कोरबा, पांडोपारा, छाल, गेवरा, कुसमुंडा, सोनाडीह, अकलतरा, रायगढ़ एवं तिलाईपाली से कुल 76 प्रशिक्षार्थी अध्यापक-अध्यापिकाएं और विविध विषयों के 19 विषय विशेषज्ञ सम्मिलित हुए। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसके त्रिपाठी, एएफएम एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र एवं विषय समन्वयकों,विषय विशेषज्ञों के कर-कमलों से दीप प्रज्वलन के साथ डीएवी गान से किया गया। कार्यशाला आयोजक प्रभारी श्री पाठक एवं वरिष्ठ अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा मुख्य अतिथि श्री त्रिपाठी, विषय समन्वयकों एसके पाण्डेय, विधु शर्मा, एएम चौबे एवं विविध डीएवी स्कूलों से पहुंचे विषय विशेषज्ञों को सैंपलिंग एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संगीत शिक्षक नासिर खान के द्वारा अतिथियों के सम्मान में स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। वेन्यू इंचार्ज एचके पाठक ने अपने उद्बोधन में आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे निश्चित रूप से उच्च शिक्षण कौशलों का विकास होगा। डीएवी सीएई दिल्ली में आयोजित कार्यशालाओं से प्रशिक्षित विविध विषय विशेषज्ञ प्राप्त ज्ञान एवं तकनीकी कौशल से प्रशिक्षार्थियों को अवगत कराएंगे।मुख्य अतिथि एस के त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसी कार्यशाला से शिक्षण स्तर प्रभावी बन जाता है और उच्च शिक्षण कौशलों का विकास भी होता है। इससे विद्यार्थियों की शिक्षा में गुणात्मक सुधार आता है। इससे कक्षागत अध्यापन के दौरान आने वाली समस्याएं उभर कर आती है और उनका समाधान करने का अवसर भी प्राप्त होता है।

इस दौरान विद्यालय प्रबंधन द्वारा कार्यशाला उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि श्री त्रिपाठी को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। तीन दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन समारोह का मंच संचालन अध्यापिका विजया पाल ने किया।




## सड़क दुर्घटना में गंभीर दो लोगों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शादी में शामिल होने जाने तथा बारात से वापस लौटने के दौरान पिकअप से गिरने तथा वाहन की टक्कर से गंभीर हुए दो लोगों की मौत हो गई। एक ने निजी अस्पताल में तो दूसरे ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ दिया। दोनों मामलों में पुलिस मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम बिमड़ा निवासी सुखलाल नागेश आ. नेहरू नागेश (25 वर्ष) शुक्रवार की शाम परिजन को लमगांव में रिश्तेदार के यहां शादी में जाने की बात कहकर बाइक से निकला था। जैसे ही युवक बगीचा मुख्य मार्ग दुर्गापारा के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप घायल हो गया। इसी बीच दूसरे बाइक से आ रहे गांव के ही मनीष दास व डबरू ने सुखलाल का गंभीर हालत में देख परिजन को सूचना देने के पश्चात उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

वहीं दूसरी घटना में बसंतपुर थाना अंतर्गत ग्राम बाजरा निवासी जयमंगल आ. भागीरथी पण्डो (20 वर्ष) गत दिन पिता के साथ पास के ही गांव में बारात गया था। आज सुबह बारात से जैसे ही गांव पहुंचा और पिकअप से उतरने लगा तभी सड़क पर गिर गया। परिजन उसे वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

4-MAY- JASH-CORIYA-RGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 5/4/2025 7:55 PM Page 1





# अजय देवगन से हिला बॉक्स ऑफिस...

**मुंबई।** अजय देवगन की 'रेड 2' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म को लेकर दर्शकों में गजब का क्रेज देखने को मिल रहा है। पहले दिन मूवी ने बॉक्स ऑफिस पर दोहरे अंकों में ओपनिंग दर्ज की। सफल फ्रैंचाइज का हिस्सा रही इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर करीब 18 करोड़ रुपये की कमाई की। 'रेड 2' को ओपनिंग डे पर मजदूर दिवस की छुट्टी का सहारा मिला। रिपोर्ट के मुताबिक अजय देवगन की मूवी ने दो दिनों में वर्ल्डवाइड 40.50 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। जल्द ही यह 50 करोड़ के क्लब में शामिल हो जाएगी। शुक्रवार, 02 मई 2025 को रेड 2 की कुल हिंदी ऑक्यूपेंसी 19.23 प्रतिशत थी।

लाइफ Style

# चित्रांगदा

## 'अधिक गोरी' नहीं होने के कारण रिजेक्ट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह ने एक इंटरव्यू दिया है। इसमें उन्होंने सनसनीखेज खुलासा किया है कि एक नामी टेलकम पाउडर बनाने वाली कंपनी ने उनके स्किन के कलर को लेकर उन्हें रिजेक्ट किया था। चित्रांगदा सिंह ने हजारों ख्वाहिशें ऐसी फिल्म में अहम भूमिका निभाई थी।

चित्रांगदा सिंह को हाल ही में फिल्म गैसलाइट में देखा गया है। यह एक मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म है। इसमें उनके अलावा सारा अली खान और विक्रांत मेस्सी की अहम भूमिका है। उन्होंने 2005 में आई फिल्म हजारों ख्वाहिशें ऐसी से डेब्यू किया था। इसके पहले उन्होंने कई म्यूजिक वीडियो में काम किया है। अब उन्होंने एक इंटरव्यू दिया है। इसमें उन्होंने अपनी जर्नी के बारे में बात की है। चित्रांगदा सिंह ने खुलासा किया कि उन्हें एक बड़ी टेलकम पाउडर ब्रांड ने रिजेक्ट किया था। वह कहती हैं, मैं म्यूजिक वीडियो करती थी लेकिन मुझे एक बड़े टेलकम पाउडर कंपनी ने अधिक गोरी नहीं होने के कारण रिजेक्ट कर दिया था। तब मैंने फिल्म के लिए ऑडिशन दिया और मुझे लगा कि मुझमें वह बात नहीं है और तभी मुझे फिल्म का ऑफर आया। तब मुझे लगा कि यह अच्छी बात है। उन्हें लग रहा है कि मैं अच्छा काम करूंगी और मैंने देखा कि कई लोगों ने उस फिल्म के लिए ऑडिशन दिया था तो अगर मैं ईमानदारी से कहूं तो उस वक्त मैं वाकई फिल्म करना चाहती थी। चित्रांगदा सिंह ने यह भी कहा कि जब वह फिल्म कर रही थी, तब उन्होंने यही सोचा कि यह सुधीर मिश्रा की फिल्म है। इसके अलावा वह और कुछ नहीं सोच रही थी।



हॉलीवुड मसाला



# 'थंडरबोल्ट्स' की सीन पर बड़ा खुलासा

**लॉस एंजिलिस।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'थंडरबोल्ट्स*' को लेकर फैंस में उत्साह चरम पर है। हाल ही में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स खासकर रेडिट पर फिल्म की पोस्ट-क्रेडिट सीन को लेकर चर्चाएं तेज हो गईं। कई फैंस का मानना था कि यह सीन न केवल 'फैंटास्टिक फोर' की एंट्री का संकेत देता है, बल्कि 'एवेंजर्सः डूम्सडे' से भी जुड़ा है। अब फिल्म के निर्देशक जेक श्रेयर ने एक इंटरव्यू में इन अटकलों को सच करार दिया है।



# उसने मेरा साथ..., छलके मिरियम हेली के आंसू...

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड के पूर्व दिग्गज निर्माता हार्वे वीनस्टीन के खिलाफ चल रहे यौन उत्पीड़न के मुकदमे में एक पीड़िता ने कोर्ट में भावुक होकर अपना पक्ष रखा। 48 वर्षीय मिरियम हेली ने शुक्रवार को गवाही देते हुए कहा, उसने मुझ पर हमला किया, मैंने नहीं। यह कहते हुए उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। यह मामला करीब दो दशक पुराना है, जिसमें हेली ने वीनस्टीन पर जबरन यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। न्यूयॉर्क की अदालत में वीनस्टीन के खिलाफ नए सिरे से मुकदमा चल रहा है। इस मामले में हेली पहली गवाही देने वाली पीड़िता हैं। उन्होंने चौथे दिन गवाही दी। इस दौरान वीनस्टीन के वकील जेनिफर बोनजीन ने उनसे कड़े सवाल किए, जिससे हेली भावुक हो गईं। वकील ने पूछा कि क्या हेली की सहमति से यह सब हुआ था।



# बेस्ट डेब्यू अवॉर्ड नहीं मिलने से रोई थीं

**मुंबई।** अनुष्का शर्मा बॉलीवुड की बेहतरीन एक्ट्रेस में से एक मानी जाती है। हाल में एक्ट्रेस ने अपना 37वां जन्मदिन मनाया। अनुष्का शर्मा ने 2008 में फिल्म 'रब ने बना दी जोड़ी' से एक्टिंग की शुरुआत की थी। इस फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। हाल ही में उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वायरल हो रहे वीडियो में अनुष्का ने बताया की जब उनको फिल्मफेयर का बेस्ट डेब्यू अवॉर्ड नहीं मिलने पर उनको कैसा लगा था। 2018 में एक इंटरव्यू में अनुष्का ने बताया था कि, उन्हें पूरा भरोसा था कि वो फिल्मफेयर का बेस्ट डेब्यू अवॉर्ड जीतेंगी। लेकिन उस साल यह अवॉर्ड आमिर खान की फिल्म 'गजनी' की एक्ट्रेस आसिन को मिला था। अवॉर्ड न मिलने से वह बहुत दुखी और परेशान हो गई थीं।




# ठंडे बस्ते में गई सल्लू की गंगा राम...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान 'सिकंदर' के बाद से अपनी नई फिल्मों को लेकर लगातार चर्चा में बने हैं। खबर थी कि वह 'गंगा राम' नाम की फिल्म की तैयारी कर रहे हैं। अब इस फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है। खबर है कि बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान ने अपनी आगामी फिल्म 'गंगा राम' को फिलहाल ठंडे बस्ते में डाल दिया है। इस फैसले के पीछे उनके फैंस की नाराजगी और चिंता है, जिन्होंने फिल्म की घोषणा के बाद सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर अपनी नाखुशी जाहिर की थी। 'गंगा राम' में सलमान खान के साथ संजय दत्त मुख्य भूमिका में नजर आने वाले थे और इस फिल्म को नए डायरेक्टर कृष अहिर निर्देशित करने वाले थे, लेकिन जैसे ही फिल्म की घोषणा हुई, सलमान के फैंस ने इस प्रोजेक्ट पर सवाल उठाने शुरू कर दिए।

टीवी मसाला



# 'मेरी मां को रेप की धमकियां मिलीं', अपूर्वा का छलका दर्द

**मुंबई।** 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में अपने आपत्तिजनक बयान की वजह से विवादों में घिरी अपूर्वा मुखीजा ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया। इसमें उन्होंने खुलासा किया कि इस विवाद को उनके साथ उनके परिवार पर भी गहरा असर पड़ा। उन्होंने बताया कि कैसे अचानक वायरल होने के बाद अजनबी लोग उनके माता-पिता के सोशल मीडिया अकाउंट तक पहुंच गए और उनके बुरा बर्ताव करने लगें। इसके चलते उनकी मां की तबीयत भी बिगड़ गई। अपूर्वा मुखीजा ने युवा से कहा, 'लोगों ने मेरे माता-पिता के सोशल मीडिया अकाउंट खोज लिए। मेरी मां का अकाउंट पब्लिक था और जब यह सब हो रहा था, तो पहले दो दिनों तक मैं केवल अपने बारे में सोच रही थी। अपूर्वा ने कहा, 'मेरी मां को बहुत सारे अपशब्द और रेप की धमकियां मिलीं। मुझे तीन दिन तक पता नहीं चला। मैंने अपने भाई को फोन किया और उसने मुझे बताया कि मां का ब्लड प्रेशर बढ़ गया है। इससे दिल का दौरा पड़ सकता है।

## सना मकबूल बोलीं- मेरी मर्जी मैं चाहे जैसी दिखूं...

**मुंबई।** बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 की विनर सना मकबूल के फैन पेज द्वारा एक वीडियो शेयर किया गया है। इस वीडियो में अभिनेत्री ट्रोलर्स को करारा जवाब देती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने बढ़े हुए वजन को लेकर बॉडी शेम किए जाने पर प्रतिक्रिया दी है। वीडियो में उन्होंने साझा किया कि शायद लोगों को नहीं पता कि वह किस दौर से गुजर रही हैं। वीडियो पर गुरुवार 1 मई का तारीख भी लिखी है। वायरल हो रहे वीडियो में सना को कहते हुए सुना जा सकता है, 'हाय दोस्तों, आप में से बहुत से लोग मुझसे कह रहे हैं कि मेरा वजन बढ़ गया है। गाल भर गए हैं। सच कहूं तो पहले इस बात का फर्क पड़ता था, लेकिन अब फर्क नहीं पड़ता। मेरी बॉडी है। मैं चाहे जैसी भी लगूं, जैसा भी हो यह मेरा शरीर है। यह मेरी मर्जी है कि मैं कैसी दिखूं। मुझे लगता है कि मैं शानदार दिखती हूं। मैं शानदार हूं।'



# 'चीजें थाली में सजा कर नहीं मिलती'

**मुंबई।** वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट यानी वेव्स समिट का आगाज मायानगरी मुंबई में एक मई को हुआ। इस समिट का आगाज पीएम मोदी ने किया। इसमें फिल्मी दुनिया से जुड़े तमाम बड़ी हस्तियों ने भी हिस्सा लिया। बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान ने भी समिट में हिस्सा लिया और फिल्म इंडस्ट्री में इनसाइडर और आउटसाइडर यानी अंदर से जुड़े लोगों और बाहर से आए नए कलाकारों के बीच के फर्क पर खुलकर बात की। वेव्स 2025 सम्मेलन के दौरान शाहरुख खान ने कहा, मैं एक बात साफ करना चाहता हूं 'भूख' एक बहुत बड़ा शब्द है। मुझे इनसाइडर और आउटसाइडर के बीच बनाए गए भेद से दिक्कत है। शाहरुख की यह बात एक गहरी और समझदारी भरी चर्चा की शुरुआत थी। उनके शब्द सीधे दिल को छूने वाले थे।



## सेल्फी ना लेने पर ट्रोल हुए अल्लू



**मुंबई।** अल्लू अर्जुन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में अभिनेता अल्लू अर्जुन एक प्रशंसक के साथ सेल्फी लेने से इनकार करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद यूजर्स ने उनके इस रवैये के लिए अभिनेता की आलोचना करनी शुरू कर दी। दरअसल, शुक्रवार को अल्लू अर्जुन 'वेव्स 2025' में हिस्सा लेने के लिए मुंबई पहुंचे थे। इस दौरान जैसे ही वह अपनी कार से बाहर निकले उनके एक प्रशंसक ने उनके सेल्फी के लिए अनुरोध किया। हालांकि, अभिनेता उसके साथ फोटो लेने के लिए नहीं रुके। बल्कि उसके कंधे पर हाथ थपथपाते हुए चले गए। उनके सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा भी फैन को हटने का इशारा करते हुए देखा गया।अभिनेता का यह रवैया सोशल मीडिया यूजर्स को पसंद नहीं आया।

# फुलेरा में सज गया चुनावी मैदान होगा जोरदार घमासान...

**मुंबई।** फुलेरा गांव की 'पंचायत' वापस आ रही है। प्राइम वीडियो के पसंदीदा शो 'पंचायत' के चौथे सीजन का टीजर आज जारी हो गया है। जो इस बात की झलक दिखाता है कि इस बार फुलेरा में प्रधानी का चुनाव होने जा रहा है। प्रधान जी के सामने एक बार फिर भूषण यानी कि बनराकस चुनौती बनकर खड़ा है। अब चुनाव का नतीजा क्या रहता है और क्या भूषण प्रधान जी पर भारी पड़ेगा, ये 2 जुलाई को ही पता चलेगा। प्राइम वीडियो की ओर से इस टीजर को ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर जारी किया गया है। टीजर की शुरूआत होती है एक वॉइस ओवर और पंचायत के कुछ सीन के साथ। वॉइस ओवर में कहा जाता है, "भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र और इस लोकतंत्र का एक छोटा सा हिस्सा है हमारा फुलेरा गांव। जहां इस साल होगा बड़ा घमासान, जब इलेक्शन में लड़ बैठेंगे हमारे प्रधान जी और भूषण। आइयेगा जरूर हमारे फुलेरा का चुनाव देखने।"



## इस बार थीम है 'सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल'

# कल सजेगी मेट गाला की महफिल, 76 साल पहले हुई थी शुरुआत

*लॉस एंजिलिस। फैशन की सबसे बड़ी शाम और सबसे बड़े फैशन शो मेट गाला में शिरकत करना हर सेलेब्रिटी के लिए एक उपलब्धि की बात होती है। हर साल की तरह इस बार भी मेट गाला वापस आ रहा है। 5 मई को न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट के कॉस्ट्यूम इंस्टीट्यूट में एक बार फिर से मेट गाला की महफिल सजने वाली है। दुनिया भर की मशहूर हस्तियां और डिजाइनर अपनी थीम के अलग-अलग पोशाकों में नजर आएंगे। जानते हैं मेट गाला की इस बार की थीम के बारे में और इसमें कौन-कौन हस्तियां होंगी शामिल।*

***1948 में हुई मेट गाला की शुरूआत :*** सबसे पहले जिनको नहीं पता उन्हें ये बता दें कि मेट गाला है क्या और इसकी शुरूआत कबसे हुई। मेट गाला एक चैरिटी इवेंट है, जो हर साल न्यूयॉर्क के मेट्रोपोलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट्स के कॉस्ट्यूम इंस्टीट्यूट में आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम की शुरुआत साल 1948 में सोसाइटी मिडनाइट डिनर के रूप में हुई थी।



***कौन करता है मेट गाला की थीम का चयन :*** मेट गाला का आयोजन और इसकी अध्यक्षता वोग मैगजीन की एडिटर-इन-चीफ अन्ना विंटोर साल 1995 से कर रही हैं। आमतौर पर इसका आयोजन हर साल मई के पहले सोमवार को किया जाता है। इस बार भी इसका आयोजन इसी दिन पर किया जा रहा है। वहीं मेट गाला की थीम का चयन भी एना विंटोर ही करती हैं। साथ ही मेहमानों का चयन भी एना विंटोर और उनकी टीम करती है।

## मेट गाला 2025 की थीम

इस बार मेट गाला 2025 की थीम 'सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल' है, जो फैशन के जरिए ब्लैक आइडेंटिटी की अहमियत को दिखाएगा। जबकि इस बार ड्रेस कोड 'टेलर्ड फॉर यू' रखा गया है, जिसमें मेन्स वियर और सूटिंग पर ध्यान दिया जाएगा। इस बार की थीम मोनिका एल. मिलर की 2009 की किताब 'स्लेव्स टू फैशनः ब्लैक डैंडीज्म एंड द स्टाइलिंग ऑफ ब्लैक डायस्पोरिक आइडेंटिटी' से प्रेरित है।

## दुनियाभर की इन दिग्गज हस्तियों के शामिल होने की उम्मीद

मेट गाला में सबकी नजरें टिकी होती हैं इसकी गेस्ट लिस्ट पर। हर कोई ये जानना चाहता है कि मेट गाला में कौन-कौन गेस्ट शामिल होंगे। इस बार की भी लिस्ट जो सामने आ रही है, उसमें दुनियाभर की कई दिग्गज हस्तियां शामिल हैं। अब तक सामने आ रही रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बार रेड कार्पेट पर जो हस्तियां शामिल होंगी, उनमें जॉय किंग, मिरांडा केर, क्लो सेविग्नी, क्लैरो और एम्मा चेम्बरलेन के नाम शामिल हैं। इसके अलावा हॉलीवुड से निकोल किडमैन और जो सलदाना, मोनिका बारबरो, डैमसन इदरीस और मैल्कम वाशिंगटन के भी मेट गाला 2025 में शिरकत करने की उम्मीद है। साथ ही टर्नर-स्मिथ, जैनिक्जा ब्रावो और मॉडल उगबाद अब्दी भी रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरती नजर आएंगी।

4- May- KORIYA- Bhoomi pg-4_Layout 1 5/4/2025 9:14 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### रेडक्रॉस दिवस पर रक्तदान शिविर 8 को

**मनेन्द्रगढ़।** रेडक्रॉस दिवस के पावन अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, जिला शाखा मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा एक वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर विशेष रूप से हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में वीरगति को प्राप्त हुए नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु समर्पित है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए रोहित का समिति के अध्यक्ष अधिवक्ता शैलेश जैन ने बताया किब्लड बैंक, केन्द्रीय चिकित्सालय, आमाखेरवा, मनेन्द्रगढ़ में यह शिविर 8 मई 2025, गुरुवार को प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक संचालित होगा.यह केवल एक रक्तदान शिविर नहीं है, बल्कि यह उन अमर आत्माओं के प्रति हमारी सामूहिक संवेदना और संकल्प का प्रतीक है, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

### यात्रियों से भरी बस पलटी, नीचे दबे दो यात्री

**रनहत।** शनिवार की राजपुर से वाड्रफनगर के बीच चलने वाली आनंद बस मकरो नाला के समीप अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना के दौरान बस में 60 से अधिक यात्री सवार थे। दुर्घटना के बाद यात्रियों में मदद के लिए चीख पुकार मच गई। बड़ी बात यह है कि दुर्घटना के बाद बस के नीचे एक महिला और एक तीन साल की बच्ची दब गये थे जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से निकालकर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल महिला को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है जबकि पुलिस द्वारा वाहन जो जब्त कर घटना की जांच शुरू कर दी गई है। बता दें कि आनंद बस सर्विस की बस क्रमांक सीजी 15 एबी 0455 राजपुर से वाड्रफनगर के बीच चलती है। शनिवार को भी बस यात्रियों को लेकर वाड्रफनगर जाने के लिए निकली थी। इस दौरान रनहत मकरो नाला के समीप चालक ने तेज रफ्तार बस से नियंत्रण खो दिया और बस सड़क किनारे पलट गई। बस के पलटने के बाद लोगों में चीख पुकार मच गई। इस घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हडकंप मच गया। घटना के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को घटना की सूचना देने के साथ ही राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया और कड़ी मशक्कत के बाद लोगों को बाहर निकाला गया लेकिन बस पलटने के बाद प्रतापपुर गोटगवां निवासी सुकरमनिया आ. जवाहर व 3 साल की बच्ची बस के नीचे दबे हुए थे। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा जेसीबी की मदद से बस को उठाकर घायलों को बाहर निकालकर उपचार के लिए प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से महिला को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया।

### पटवारी पर हमला करने वाले आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले में सीमांकन करने गए पटवारी से गाली गलौज और मारपीट करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पिता पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि तहसील बलरामपुर के पटवारी सुनेश्वर सिंह ने 2 मई को कोतवाली बलरामपुर में शिकायत दर्ज कराई थी कि वे सुशासन तिहर के तहत आए आवेदन के निराकरण हेतु ग्राम जतरो में गए हुए थे। जतरो में आंगनबाड़ी भवन के लिए शासकीय भूमि खसरा नम्बर 628 का सीमांकन कर रहे थे। इसी दौरान उक्त शासकीय भूमि से लगे निजी भूमि के स्वामी नन्द सिंह और उसके पुत्र दुखराज सिंह द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए अश्लील जातिगत गाली गलौज किया गया और उन्हें जान से मारने की धमकी देकर ईंट से हमला किया गया।

नगरवासियों की भागीदारी से संवर रहा पर्यावरण

# जनशक्ति बनी जलशक्तिः जोड़ा तालाब छठ घाट में हुआ श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती मुक्ता सिंह चौहान की प्रेरणादायक अपील पर आज दूसरे रविवार को जोड़ा तालाब छठ घाट जनसहयोग और सेवा भावना का केंद्र बन गया। नगर के आम नागरिकों ने स्वेच्छा से श्रमदान करते हुए सफाई व सौंदर्यीकरण अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक मजबूत कदम है, बल्कि सामाजिक एकता और नागरिक उत्तरदायित्व का भी प्रेरक उदाहरण है।इस मौके पर श्रीमती प्रतिमा यादव, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यह हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। जब समाज जागरूक होता है, तभी शहर चमकता है। सीएमओ श्रीमती मुक्ता चौहान ने कहा कि शहरी विकास तभी संभव है जब नागरिक स्वच्छता को अपनी आदत बना लें।

उप अभियंता पवन साहू ने कहा कि साफ-सफाई के लिए सिर्फ मशीनरी नहीं, बल्कि जनसहभागिता जरूरी है। तकनीक और जनता मिलकर ही परिवर्तन ला सकते हैं। श्रीमती नम्रता सिंह उप अभियंता, नगर पालिका परिषद ने कहा कि साफ शहर, सुरक्षित समाज। जब हर घर अपने आसपास को स्वच्छ रखने का संकल्प ले, तभी हम लक्ष्य तक पहुंचेंगे। लखन लाल श्रीवास्तव वरिष्ठ समाजसेवीने कहा कि श्रमदान सबसे सच्चा दान है। हमें आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ और सुसंस्कृत नगर सौंपना है। सुरेश श्रीवास्तव, पूर्व उपाध्यक्ष नपा ने कहा कि बुजुर्गों की जिम्मेदारी है कि वे युवाओं को स्वच्छता का महत्व समझाएं। एक झाड़ू समाज की सोच को साफ कर सकती है। जयचंद बोथरा, समाजसेवी एवं व्यापारी ने कहा कि ₹व्यापार केवल लाभ के लिए नहीं, समाज सेवा का माध्यम भी है। हर दुकानदार अपनी दुकान के बाहर स्वच्छता बनाए रखे। पंकज जैन संचेती, प्रदेश उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स ने कहा कि व्यापारी वर्ग को चाहिए कि वे प्लास्टिक पर नियंत्रण रखें और कचरे के सही निष्पादन की आदत डालें। संजीव ताम्रकार, प्रदेश सचिव छत्तीसगढ़ चेबर एवं सामाजिक कार्यकर्त्ता ने कहा कि स्वच्छता से ही समाज में सकारात्मक ऊर्जा आती है। हमें अपने मोहल्ले को मंदिर जैसा पवित्र बनाना होगा। सरजू यादव, समाजसेवी जब गली मोहल्ले साफ होंगे, तब ही बच्चों का स्वास्थ्य सुरक्षित रहेगा। स्वच्छता हमारे भविष्य की सुरक्षा है। इस मौके पर दिनेश्वर मिश्रा, राजेश सिंह रेल्वे,पार्षद दयाशंकर यादव, शुचि पाण्डेय,शासकीय कन्या महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ जन भागीदारी अध्यक्ष श्रीमती नीलू जायसवाल,पार्षद शांता जायसवाल, पूजा घोषाल, संजय सिंह सेंगर,कंचन दास,पार्षद सुनैना विश्वकर्मा, रामधुन जायसवाल, पार्षद उर्मिला जायसवाल, पार्षद माया सोनकर, पार्षद मो. सईद, पार्षद मुकेश अग्रवाल, पार्षद गिरधर जायसवाल,पार्षद स्वप्निल सिन्हा, रवि जैन, विनीत जायसवाल,, पार्षद ओमप्रकाश जायसवाल,विनीत जायसवाल, श्रीमती मीनू सिंह, सौरभ गुप्ता,मनोज केशरवानी,गौरव गुप्ता समेत अन्य मौजूद रहे।

## मवई नदी में अवैध रेत खनन के खिलाफ ग्रामीणों का रेत सत्याग्रह



**मनेन्द्रगढ़।** भरतपुर विकासखंड के मवई नदी और चांगभखार क्षेत्र में लगातार हो रहे अवैध रेत खनन के विरोध में सैकड़ों ग्रामीणों ने पंडो विकास समिति के बैनर तले रेत सत्याग्रह की शुरूआत की। ग्रामीणों का आरोप है कि भारी मशीनों के जरिए नियमों की अनदेखी करते हुए अवैध रूप से रेत निकाली जा रही है, जिससे न सिर्फ नदी का स्वरूप बिगड़ रहा है बल्कि क्षेत्र में गंभीर जल संकट उत्पन्न हो गया है।

स्थानीय निवासी रामधनी ने बताया, पोकलेन मशीनों से गहरे गड्ढे बनाए जा रहे हैं, जिससे नदी का प्रवाह रुक गया है। वहीं, पूर्व सरपंच शिव प्रताप सिंह ने कहा झरने और कुएं सूख चुके हैं, ग्रामीणों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है। हम चुप नहीं बैठेंगे। लालसाय सिंह, सरपंच, ने आरोप लगाया कि दबंग लोग बंदूक की नोक पर रेत ले जा रहे हैं, विरोध करने पर धमकी दी जाती है। प्रशासन को कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जब इस संबंध में खनिज अधिकारी दयानंद बात की गई, तो उन्होंने कहा कि जिले में कोई अवैध खनन नहीं हो रहा है, सभी गतिविधियां लीज एरिया में हो रही हैं। लेकिन स्थानीय लोगों ने इस दावे को सिरे से खारिज किया है। वहीं पंडो विकास समिति और क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कदम नहीं उठाए गए, तो आंदोलन और व्यापक होगा।

## संविधान की आत्मा बचानी है, तो आवाज उठानी होगी




**मनेन्द्रगढ़।** जिला मुख्यालय में जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में भव्य रूप से किया गया।

रैली का नेतृत्व पूर्व विधायक गुलाब कमरो, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रमेश सिंह, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई और अनेक सामाजिक कार्यकतार्ओं ने किया। रैली गांधी चौक से प्रारंभ होकर, शहर के प्रमुख मार्गों , खेडिया टॉकीज होते हुए राजीव गांधी प्रतिमा के समक्ष पहुँची, जहाँ एक जनसभा में नेताओं ने संविधान की मूल भावना और वर्तमान परिस्थितियों पर अपना उद्बोधन दिया। इस मौके पर गुलाब कमरो (पूर्व विधायक) ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। जब संविधान पर संकट मंडरा रहा है, तब हम सबको एकजुट होकर आवाज उठानी होगी। जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि हम संविधान को मिटने नहीं देंगे। यह रैली केवल विरोध नहीं, बल्कि संकल्प है भारत की आत्मा को बचाने का, लोकतंत्र को जिंदा रखने का। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और जय संविधान्र के नारों के साथ हुआ। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश शर्मा, व्यंकटेश सिंह,हारून मेमन,सुरेंद्र पाल मखीजा, राजकुमार केसरवानी,हाफिज मेमन,स्वप्निल सिंह,राजा पांडे, अरुण कटारे, लाखन सिन्हा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सप्त दिवसीय हनुमत महायज्ञ का समापन




**मनेन्द्रगढ़।** श्री विजय हनुमान टेकरी मंदिर, मनेन्द्रगढ़ में आयोजित सप्त दिवसीय श्री हनुमत महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का समापन अत्यंत भावपूर्ण एवं आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। इस धर्ममय आयोजन में दूर-दूर से श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। कथा प्रवक्ता डॉ. श्री रामप्रपन्नाचार्य श्री महाराज (श्रीधाम वृंदावन) द्वारा श्रीमद्भागवत की अमृतमयी कथाओं का अत्यंत प्रभावशाली और भावविभोर कर देने वाला वर्णन किया गया। बाल कथा व्यास श्री आदित्यनारायणाचार्य श्री महाराज ने अपने गूढ़ ज्ञान और मधुर वाणी से बालरूप में श्रोताओं का मन मोह लिया। साथ ही, आचार्य पं. राजकुमार पाण्डेय जी ने धार्मिक अनुशासन और विधि-विधान के साथ संपूर्ण आयोजन को दिशा प्रदान की। आयोजन की सफलता के लिए समस्त श्रद्धालुजनों, सेवा दल, युवाओं एवं साधु-संतों को आयोजकों द्वारा हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## शहर की बेटी शीतल ने पेंटिंग में रचा इतिहास

### अमेरिका तक बजा रही छत्तीसगढ़ का डंका

**मनेन्द्रगढ़।** शहर की बेटी शीतल सिंह ने अपनी कला के माध्यम से न सिर्फ राज्य, बल्कि देश और विदेशों में भी नाम रौशन किया है। आदिवासी समाज से आने वाली शीतल सिंह की पेंटिंग्स में एक अलग ही गहराई, संवेदना और संस्कृति की झलक देखने को मिलती है।



उनकी रचनाओं ने न केवल मनेन्द्रगढ़वासियों को गर्वित किया है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। प्रबल स्त्री फाउंडेशन की अध्यक्ष डा. रश्मि सोनकर और उनकी टीम ने शीतल सिंह से मुलाकात की। उनकी कलाकृतियों को देखकर सभी अभिभूत रह गए। हर पेंटिंग में छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत, आदिवासी जीवनशैली और महिला सशक्तिकरण का अद्भुत समावेश देखने को मिला। शीतल सिंह की पेंटिंग्स को अमेरिका सहित कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सराहना मिल चुकी है। उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय आर्ट एग्जीबिशन में भाग लिया और अपने चित्रों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की झलक दुनिया को दिखाई। प्रबल स्त्री फाउंडेशन की ओर से शीतल सिंह को हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## श्रीमद्भागवत कथा के सांतवें दिन गूंजा गोपी गीत

**मनेन्द्रगढ़।** जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ की पुण्यभूमि पर राजस्थान भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सप्तम दिवस का आयोजन अत्यंत भावविभोर करने वाला रहा। वृंदावन धाम से पधारे आचार्य श्री, वंदनीय एवं पूज्य प श्री अमित कृष्ण जी महाराज के श्रीमुख से राजस्थान भवन में कथा का दिव्य रसपान कराया गया।



सप्तम दिवस की कथा में श्रीकृष्ण के वृंदावन लीला का विस्तृत वर्णन किया गया, जिसमें गोपियों के विरह में रुदन को ₹गोपीगीत₹ की संज्ञा दी गई। महारास के दिव्य प्रसंग में भगवान शिव भी गोपी रूप में सम्मिलित हुए। कथा में आगे बताया गया कि कंस के आदेश पर अक्रूर जी जब श्रीकृष्ण और बलराम को लेने आए, तब ब्रजवासियों और श्रीकृष्ण के बीच के प्रेम को देखकर अक्रूर का हृदय भी द्रवित हो गया। मथुरा में प्रवेश के पश्चात श्रीकृष्ण ने कुब्जा पर कृपा की, मुष्टिक, चाणूर और अंततः कंस का उद्धार किया। माता देवकी और वसुदेव से मिलन, शिक्षा के लिए गुरुकुल गमन तथा उद्धव को वृंदावन भेजने जैसे हृदयस्पर्शी प्रसंग भी सुनाए गए। माता रुक्मिणी संग श्रीकृष्ण विवाह, अन्य दिव्य विवाहों की कथा एवं सुदामा चरित्र का वर्णन श्रोताओं को भावविभोर कर गया। कथा का समापन श्रीकृष्ण के परमधाम गमन प्रसंग से हुआ। कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवद्कथा का आनंद लिया।

### जबलपुर-अंबिकापुर एक्सप्रेस में अधेड़ यात्री की संदिग्ध हालात में मौत

**बिश्रामपुर।** जबलपुर से अंबिकापुर जा रही क्रमांक 11265 जबलपुर-अंबिकापुर एक्सप्रेस ट्रेन में शुक्रवार को सफर कर रहे एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है, जिससे पुलिस और रेलवे अधिकारियों के सामने पहचान करने एवं परिजनों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी बनी हुई है। घटना की जानकारी ट्रेन में यात्रा कर रहे एक अन्य युवक ने दी, जिसने रेल मदद मोबाइल एप के माध्यम से रेलवे कंट्रोल रूम को अवगत कराया कि एक यात्री की तबीयत अचानक बिगड़ गई है और वह सीट से नीचे गिर गया है। यात्री अचेत अवस्था में था, जिसे देख सहयात्री घबरा गए।

## 50 हेक्टर जमीन सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवंटित



**सोनहत।** ग्राम पंचायत केशगवां को विगत को सुशासन तिहार के तहत किए गए आवेदन के तारतम्य में ग्राम जोगिमठ में वन विभाग द्वारा 50 हेक्टर भूमि पंचायत के सार्वजनिक जनहित एवम विकास कार्य हेतु बाकायदा 3 मई सीमांकन कर कर सरपंच एवं पंचों समक्ष आवंटित किया गया।

ग्राम पंचायत सरपंच शोभित राम, पंच प्रेमसागर तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते पंच वर्षीय में ग्राम के सार्वजनिक विभिन्न कार्य हेतु संबंधित भूमि की मांग की गई थी, जिसे सुशासन तिहार में आवेदन देकर पुनः मांग किया गया जिस पर वन विभाग द्वारा ग्राम जोगिमठ में 50 हेक्टर भूमि सीमांकन कराकर ग्राम पंचत को पट्टा प्रदान कर दिया गया है। सरपंच शोभित राम ने बताया कि आने वाले दिनों में उक्त भूमि मिलने से ग्राम के विभिन्न लंबित सार्वजनिक विकास कार्यो को गति प्रदान कर जनहित में कार्य किए जाएंगे।

## निकाय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि बने गोपाल

**मनेन्द्रगढ़।** कोरबा लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत ने पूर्व पार्षद व मीडिया कर्मी गोपाल गुप्ता को निकाय क्षेत्र के लिए अपना सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। जानकारी के अनुसार पिछले दो कार्यकाल में वे पार्षद पद के दायित्वों का भी निर्वहन कर चुके हैं वरिष्ठ



कांग्रेसी नेता रमेश सिंह व पूर्व नपा अध्यक्ष प्रभा पटेल के काफी करीबी माने जाते हैं गुप्ता 1998 मैं शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय में एन एस यू आई में छात्र यूनियन के नगर अध्यक्ष पद को ग्रहण कर राजनीति की शुरूआत की थी 2003-4 में वे विवेकानंद महाविद्यालय के छात्र संघ अध्यक्ष भी निर्वाचित हुए थे।

## ससुराल आए युवक का नर्सरी में फांसी पर लटका मिला शव, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

शनिवार को नर्सरी में युवक का फंदे में झूलता शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक अपने ससुराल आया हुआ था और उसके बाद लापता था। युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात कही जा रही है वहीं मृतक के परिजन ने हत्या की संभावना जताते हुए जांच की मांग की है।

बताया जा रहा है कि अंबिकापुर के महामाया पाद बधीयाचुआं निवासी 20 वर्षीय अमन महिलांग आ. नैन साय गुरुवार को अपने ससुराल अमदला आया हुआ था। इस बीच शनिवार को युवक की पत्नी ने उसके माता पिता को युवक के घर से कहीं चले जाने की सूचना दी थी। सूचना मिलने के बाद युवक के परिजन भी अमदला पहुंचे थे जिसके बाद परिजन व ग्रामीणों द्वारा युवक की तलाश की जा रही थी। इस दौरान ग्राम केवरा नर्सरी में सागौन पेड़ में युवक का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला था। इसके साथ ही घटना स्थल से कुछ ही दूरी पर युवक की बाइक थी। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पंचनामा उपरान्त पीएम के लिए भेजा गया है।

इस घटना से परिजन सदमें में है। युवक द्वारा आत्म हत्या किए जाने की बात कही जा रही है लेकिन युवक के परिजन ने उसकी हत्या की शंका जाहिर करते हुए जांच की मांग की है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैंकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशिः-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411